# 13 वाक्यांशों के लिए एक शब्द

## पाठ-योजना

### पाठ का उद्देश्य

- अर्थ के आधार पर शब्दों की जानकारी प्राप्त कराना।
- शब्दा-संपदा समृद्ध करना।
- शब्दों की पहचान व व्यावहारिक प्रयोग समझाना।
- वाक्यांशों के लिए एक शब्द के बारे में बताना।

### सहायक सामग्री

- स्मार्ट बोर्ड, मोबाइल फ़ोन, पाठ्यपुस्तक, पाठ्यपुस्तक में दिया QR Code, शैक्षिक सामग्री।

### पूर्व-ज्ञान

- किसी बड़े कथन या वाक्यांश को संक्षेप में कहने से भाषा पर क्या प्रभाव पड़ता है?
- 'जिसकी कोई कल्पना न की जा सके'– इस वाक्यांश को आप संक्षेप में कैसे कह सकते हैं?

### प्रमुख बिंदु

- प्रश्न पूछकर पाठ की रूपरेखा तैयार करना।
- QR Code स्कैन कर वीडियो दिखाना।
- बताना–
  - कुछ शब्दों को प्रयोग वाक्यांशों के संक्षिप्त रूप में किया जाता है।
  - बड़े कथनों को संक्षेप में कहने से भाषा में कसावट आती है।
  - इससे समय की बचत भी होती है।
  - वाक्यांशों के लिए एक शब्द का प्रयोग भाषा को प्रभावशली बनाने के लिए किया जाता है।
- वाक्यांशों के लिए एक शब्द की सूची पढ़वाना।
- 'हमने सीखा' के माध्यम से मूल बिंदुओं की पुनरावृत्ति।